राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

—

समाज को सहजता से समझना होगा कि बेटी भी वरदान है

— राज्यपाल

जयपुर, 12 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि ज्ञान, शक्ति और सम्पन्नता तीन ऐसी ताकत हैं, जिनके समन्वय से ही राष्ट्र का सामाजिक और आर्थिक विकास हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरस्वती, दुर्गा और लक्ष्मी ज्ञान, शक्ति और सम्पन्नता की प्रतीक हैं। जहां नारी का सम्मान होता है वहां सदभाव का वातावरण रहता है। इसलिए हमें बालिका शिक्षा को बढावा देना होगा और समाज को सहजता से समझना होगा कि बेटी भी वरदान है।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र मंगलवार को सांय आर बी एल बैंक दारा आयोजित उम्मीद 1000 साइक्लोथॉन समारोह को जगतपुरा स्थित जे एन यू परिसर में संबोधित कर रहे थे। इस समारोह का राज्यपाल श्री मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा के प्रति उन्मुख करने के लिए उम्मीद 1000 साइक्लोथॉन का प्रयास सराहनीय है। देश के युवा साइकिल से उदयपुर से लेकर अमृतसर तक की एक हजार किलोमीटर की यात्रा करके बालिका शिक्षा के प्रति वातावरण का निर्माण कर रहे है। इस जागृति के प्रयास से समाज, प्रदेश व राष्ट्र में महिला सशक्तिकरण हो सकेगा। राज्यपाल ने कहा कि पुराणों में भी महिलाओं को महत्व दिया गया था। महिलाओं में प्रतिभा, शौर्य और प्रबल संकल्प शक्ति होती है। समाज को महिलाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मौका देना होगा।

राज्यपाल ने कहा कि एकता और एकात्मकता से ही देश भक्ति की भावना पैदा होती है। उम्मीद 1000 साइक्लोथॉन से भौगोलिक व सामाजिक स्थिति के एहसास के साथ ही बालिका शिक्षा के प्रति राष्ट्र में चलाया गया अभियान प्रशसंनीय है।

समारोह में इस कार्यक्रम के संयोजक श्री टी मुरलीधरण मौजूद थे। साइक्लिस्ट एवं कोच श्री जसमीत सिंह गांधी ने यात्रा के बारे में बताया। श्रीमती शांता बरूली ने सामाजिक सरोकार के इस कार्य के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। समारोह को जेएनयू के चेयरमैन डॉ. संदीप बख्सी ने भी संबोधित किया।

राज्यपाल ने गुरूद्वारे में मत्था टेका — राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरूनानक जयंती पर आदर्श नगर स्थित गुरूद्वारे में जाकर मत्था टेका। राज्यपाल ने प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को गुरू परब की शुभकामनाएं दी। श्री मिश्र ने कहा कि गुरूनानक जी द्वारा दी गई शिक्षा को हमें आत्मसात करना चाहिए।

— — —

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक(जनसम्पर्क) राज्यपाल, राजस्थान